हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार 16 मई 2026

10 आदर्श स्कूल की चार छात्राओं ने टॉप-10 सूची...



11 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नियमों का उल्लंघन करने वाले दो ...




हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड का भिवानी जिले का सर्वाधिक मैरिट देने वाला विद्यालय

# SHIVAM SENIOR SECONDARY SCHOOL
## LOHANI (BHIWANI)

Since : 1997

School Code : 02544

(Champions Are Not Born They are Made)

नोट : प्रिय अभिभावक बच्चे का दाखिला दिलाने से पहले यह ध्यान रखें कि आप बच्चे का दाखिला कराने जा रहे हैं न कि स्कूल भवन खरीदने। बाहरी चकाचौंध में पड़कर अपने बच्चे के भविष्य के साथ खिलवाड़ न करें।

सभी क्षेत्रवासियों को 12th एवं 10th का 100% परीक्षा परिणाम आने पर हार्दिक बधाई

### SHINING STARS 12th CLASS

Chetna D/o Sonu 486/500
Nisha D/o Suresh 475/500
Sheetal D/o Vijay Kumar 475/500
Payal D/o Ashok 473/500
Sachin S/o Parmanand 467/500
Tanu D/o Pardeep 465/500
Reema D/o Surender 464/500
Rohit S/o Rajender 462/500
Komal Yadav D/o Dulichand Yadav 462/500
Khushbu D/o Jitender 461/500
Neetu D/o Jogender 460/500
Nandani 458/500
Komal D/o Sita Ram 454/500
Deepika D/o Sanjay 452/500
Vandana D/o Dharmender 451/500
Deepika D/o Bijender 448/500
Suhana Tanwar D/o Surener 447/500
Kafi D/o Rajes 442/500
Vishakha Yadav D/o Harender 442/500
Shrey S/o Naresh Kumar 440/500
Nandini D/o Prempal 437/500
Sneha D/o Sanjay Kumar 431/500
Rasmi D/o Sunil 429/500
Sakshi D/o Sombir 429/500
Saksham S/o Jagbir 429/500
Prachi Panchal D/o Narender Panchal 428/500
Himanshu S/o KrishanKumar 424/500
Khusbu D/o Vijay Kumar 423/500
Parnshu Kumar S/o Bhola Parshad 423/500
Gourav S/o Vikram Singh 417/500
Neesha Devi D/o Ashok 410/500
Yash S/o Vikram 409/500
Jatin S/o Amit 404/500
Gourav Sharma S/o Krishan Sharma 404/500

### SHINING STARS 10th CLASS

Sneha D/o Pardeep 490/500
Manisha D/o Pardeep 487/500
Asha D/o Kashmir 484/500
Shaini D/o Pardeep 483/500
Tamanna D/o Pawan 478/500
Sumit R/o Rajesh 477/500
Anshul S/o Chander Pal 471/500
Bhumika D/o Anil Kumar 467/500
Manisha D/o Baldev 466/500
Diksha D/o Sandeep 465/500
Khushbu D/o Sonu 465/500
Gungan Sharma 463/500
Manish S/o Dayanand 456/500
Yash Sharma S/o Pardeep Kumar 455/500
Harsh S/o Surender 452/500
Saneha D/o Jitender 452/500
Ajay S/o Sandeep 451/500
Kashish D/o Shashi Kant 450/500
Sonam D/o Surender 443/500
Yogesh Kumar S/o Jaibir 441/500
Sakshi D/o Vinod Singh 439/500
Piyush Kumar D/o Pawan Kumar 437/500
Anitma D/o Sunil Kumar 435/500
Gaitik D/o Dinesh 435/500
Yash Yadav S/o Sombir 435/500
Tanu Sharma D/o Meghraj Sharma 432/500
Neha D/o Maninder 427/500
Neetu D/o Naseeb 421/500
Arjun S/o Dharmender 419/500
Sameer S/o Latif 416/500
Sameer Yadav S/o Naresh Kumar 414/500
Pushpander S/o Suresh 414/500
Nikita D/o Bhagat Singh 407/500
Priyanshi D/o Gajender 407/500
Riya D/o Manoj Kumar 405/500
Shiv Kumar S/o Roshan Lal 400/500
Sahil S/o Ramjan 400/500

Director
Devender Singh Tanwar
Nishant Tanwar

Contact No. :
8222016640, 8222016641, 9728778888

Principal
Sanjay Sharma

एचबीएसई और सीबीएसई के घोषित परीक्षा परिणाम में होनहारों ने गाड़े सफलता के झंडे

# आदर्श स्कूल की चार छात्राओं ने टॉप-10 सूची में बनाई जगह, दिव्यांशी ने 99.20 फीसदी अंक लिए

वर्षा ने 98.8 और साक्षी व तमन्ना ने संयुक्त रूप से 98.6 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश भर में चौथा, छठा और सातवाँ स्थान हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



तोशाम। मेधावी विद्यार्थियों का विजयी जुलूस निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित कक्षा दसवीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में भिवानी जिले के गांव कैरू स्थित आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया।

बोर्ड की प्रदेश स्तरीय टॉप-10 मेरिट सूची में इसी स्कूल की चार छात्राओं में दिव्यांशी ने 99.20 प्रतिशत, वर्षा ने 98.8 प्रतिशत और साक्षी व तमन्ना ने संयुक्त रूप से 98.6 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश भर में चौथा, छठा और सातवाँ स्थान अर्जित कर पूरे प्रदेश में अपने गाँव और स्कूल का नाम रोशन किया। परिणाम आते ही स्कूल से लेकर पूरे कैरू गांव में जश्न का माहौल बन गया। एक ही स्कूल से चार बच्चों का टॉप-10 में आना हरियाणा बोर्ड के इतिहास में दुर्लभ उपलब्धि मानी जाती है। जैसे ही परिणाम की सूचना मिली स्कूल परिसर भारत माता की जय और आदर्श स्कूल जिंदाबाद के नारों से गूँज उठा। शुक्रवार सुबह इन चारों मेधावी छात्राओं के साथ-साथ मेरिट में आने वाले सभी विद्यार्थियों को फूल माला पहनाकर स्कूल के चैयरमेन आर के बंगालिया ने स्वागत किया और इनके अभिभावकों के साथ-साथ अतिथि के रूप में आए गणमान्य ग्रामीणवासियों का भी स्वागत किया और कहा कि हम बच्चों को रटाने नहीं कॉन्सेप्ट समझने पर जोर देते हैं। जिससे लगातार 12 वर्षों से इस प्रकार के परिणाम आपको देखने को मिलते हैं। स्वागत के बाद स्कूल के चैयरमेन आर के बंगालिया, प्राचार्य एस एन पालीवाल, सरपंच सुभाष रंगा, बीडीसी राजेश रंगा और अभिभावकों ने मिलकर भव्य विजयी जूलूस को रवाना किया। जिसमें ढोल नगाड़ों और डीजे की धुन पर छात्र-छात्राएँ जमकर थिरके। रास्ते भर ग्रामीणों ने घर की छतों से फूल बरसाए और तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। जूलूस स्कूल से शुरू होकर शिव चौक, माता चौक, ढांगर रोड़, सरकारी स्कूल, टोडरान पाना और बाबा दिलसुख डेरे से होते हुए वापस स्कूल पहुँचा।

## शेरला के स्कूल का परिणाम शानदार

बहल। सर्वोदय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शेरला के विद्यार्थियों ने दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय की छात्रा मुस्कान पुत्री सोमबीर बिधनोई ने 96.4 प्रतिशत अंक हासिल कर कीर्तिमान स्थापित किया है। वहीं, खुशी पुत्री चांद सिंह खरसू ने व हेमलता पुत्री नरेश कासनी खुर्द 94.8 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। वहीं, विद्यालय की छात्रा निक्कू पुत्री संजय कासनी खुर्द ने 92.6 व प्रिंकल पुत्री अनिल गोपालवास ने 92.2 प्रतिशत अंक अर्जित किए है। विद्यालय चेयरमैन मा. कमल ढूकसह, प्राचार्य सोमबीर जांगड़ा ने विद्यार्थियों की सफलता के लिए विद्यार्थियों, उनके परिजनों और विद्यालय स्टाफ को बधाई दी है।

## रितु 488 अंक प्राप्त कर अव्वल रही

राजकीय उच्च विद्यालय सिवाड़ा का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम रहा शानदार, 9 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया

बवानीखेड़ा। राजकीय उच्च विद्यालय सिवाड़ा का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम वर्ष 2025-26 में शानदार रहा। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 96.6 प्रतिशत दर्ज किया गया, जिससे विद्यालय स्टाफ और अभिभावकों में खुशी का माहौल है। विद्यालय से कुल 30 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 9 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया, जबकि 11 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय की छात्रा रितु ने 500 में से 488 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। रितु ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और गांव का नाम रोशन किया। विद्यालय के मुख्याध्यापक बीर सिंह, अध्यापक मुकेश मेहता, सुरेश कुमार, राजेंद्र सिंह एवं रेणु ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में आचुकी अव्वल




भिवानी। सीबीएसई कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होते ही डीएवी. पुलिस पब्लिक स्कूल भिवानी में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों में आचुकी ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं हर्ष ने 91.80 प्रतिशत और साहिल सांगवान ने 91.20 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर स्टाफ़ की उपस्थिति में विद्यालय प्राचार्या कुसुम शर्मा ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## आदर्श वमावि ने रचा इतिहास, अमन रहा अव्वल



चरखी दादरी। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा परीक्षा परिणाम में आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बौंद कलां ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा और उत्कृष्ट शिक्षा का परचम लहराया है। विद्यालय के परीक्षा देने वाले सभी 194 विद्यार्थी सफल रहे। विद्यालय के मेधावी छात्र अमन ने नॉन-मेडिकल स्ट्रीम में 493 अंक प्राप्त कर पूरे हरियाणा प्रदेश में द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं विद्यालय की छात्रा कोमल पुत्री आलोक ने मेडिकल स्ट्रीम में 491 अंक प्राप्त कर पूरे हरियाणा में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इन उपलब्धियों ने विद्यालय का नाम राज्य स्तर पर गौरवान्वित किया है। विद्यालय के अन्य होनहार विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। इनमें निखिल 490 अंक , दीपांशु ने नॉन-मेडिकल में 485 अंक प्राप्त किए। विद्यालय निदेशक प्रताप सिंह यादव ने कहा कि विद्यार्थियों ने मेहनत, अनुशासन और लगन से यह सिद्ध कर दिया है कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी पूरे हरियाणा में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकते हैं। यह परिणाम केवल अंकों की सफलता नहीं, बल्कि शिक्षा, संस्कार और समर्पण की जीत है। मुझे अपने सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों और अभिभावकों पर गर्व है।

## वीर शहीद गुलाब सिंह विद्यालय का परिणाम रहा शत प्रतिशत



दीपिका

बवानीखेड़ा। वीर शहीद गुलाब सिंह पीएमश्री राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम वर्ष 2025-26 में शानदार रहा। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहने पर विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बना हुआ है। विद्यालय की छात्रा दीपिका सुपुत्री पवन कुमार ने 12वीं कक्षा में 494 अंकों 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं तनुष्का सुपुत्री राजेश कुमार ने 10वीं कक्षा में 500 में से 470 अंक प्राप्त कर बाजी मारी। 12वीं कक्षा में दीपिका के अलावा नेहा सुपुत्री सुरेंद्र कुमार ने 472 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि आंचल सुपुत्री जिले सिंह ने 468 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 10वीं कक्षा में तनुष्का ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रेखा सुपुत्री रणबीर ने 466 अंक लेकर द्वितीय स्थान हासिल किया तथा इंदु सुपुत्री सुरेश ने 465 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य आनंद कुमार शर्मा ने इस उत्कृष्ट परिणाम का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग को दिया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ते रहें।

## महिला महाविद्यालय झोझू कलां में नए सत्र की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

चरखी दादरी। महिला कॉलेज झोझू कलां के प्राचार्य डॉ. राजपाल ने बताया कि आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रवेश को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में विशेष काउंसलिंग सेल एवं कंप्यूटर सेल की स्थापना की गई है, ताकि छात्राओं को प्रवेश प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा न हो। छात्राओं के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 7 से 31 मई तक खुला रहेगा। प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर बीए., बीएससी., बीकॉम तथा स्नातकोत्तर स्तर पर एमए हिंदी, एमए. इतिहास, एमए राजनीति विज्ञान, एमएससी. फिजिक्स, एमएससी. केमिस्ट्री, एमएससी. भूगोल एवं पीजी. डिप्लोमा इन योग साइंस जैसे पाठ्यक्रम संचालित हैं। बीए में हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, शारीरिक शिक्षा, गणित, अर्थशास्त्र, संस्कृत, संगीत, मनोविज्ञान, फाइन आर्ट एवं होम साइंस जैसे विषय उपलब्ध हैं।

## आदर्श वमावि के विद्यार्थियों ने गाड़े झंडे लक्षिता ने 489 अंक लेकर मारी बाजी

■ 75 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में नाम दर्ज करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा



बवानीखेड़ा। आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा बोर्ड के परीक्षा परिणाम में परचम लहराते हुए।

आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा इस बार फिर पहले की भांति हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा के परिमणाम में विजय पताका फहराई गई। विद्यालय निदेशक विकास यादव व प्रधानाचार्य ताराचंद यादव ने सभी अध्यापकों व विद्यार्थियों को शानदार परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी व विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की।

उप-प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने बताया कि आसपास के क्षेत्र में सबसे अधिक 75 विद्यार्थियों ने बोर्ड की मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया है, जिसमें लक्षिता पुत्री प्रवीण कुमार ने 489 अंक प्राप्त करके विद्यालय स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया।

दीक्षा पुत्री सुनील ने 487 अंक प्राप्त करके दूसरा व चंचल पुत्री संदीप ने 486 अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान हासिल किया। भारती, दिव्यांशी, एकता, अंशु, हिमांशी, खुशी व रिया ने 95प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। कुल 10 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इसके अलावा 7 बच्चों ने संस्कृत विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए।

## सिद्धिविनायक स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार




बवानीखेड़ा। सिद्धिविनायक ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम पूरे जिले एवं हरियाणा में गौरवान्वित किया है। हर बार की तरह इस बार भी सिद्धिविनायक ग्लोबल स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय की मेधावी छात्रा भूमिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 496/500 अंक (99.2 प्रतिशत) प्राप्त किए तथा भिवानी में तृतीय स्थान एवं पूरे हरियाणा में चतुर्थ स्थान हासिल किया। अमन ने 97.4 प्रतिशत, खुशी ने 93.4 प्रतिशत, साहिल ने 92.4 प्रतिशत, राखी एवं विशाखा ने 92.2 प्रतिशत, वंशिका ने 91.6 प्रतिशत, अभिषा ने 90.6 प्रतिशत तथा पारुल ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय के 9 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 16 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग से यह उत्कृष्ट परिणाम संभव हो पाया है।

## राजकीय कन्या विद्यालय में रीनू ने मारी बाजी




बवानीखेड़ा। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहारी जाटू में 12वीं कक्षा कला संकाय का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। प्राचार्या पुष्पा जोशी ने बताया कि विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम संतोषजनक रहा। छात्रा रीनू ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं दिव्या ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा मुस्कान ने 95.6 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय की 45 छात्राओं में से 26 छात्राओं ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया, जबकि 17 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की। छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय में खुशी का माहौल बना हुआ है। प्राचार्या ने इस उत्कृष्ट परिणाम का श्रेय विद्यालय के समर्पित अध्यापकों, अभिभावकों और छात्राओं की मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि छात्राओं ने कठिन परिश्रम और अनुशासन के बल पर यह सफलता प्राप्त की है। विद्यालय स्टाफ एवं अभिभावकों ने सभी सफल छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सरकारी स्कूल दिनोद की बारहवीं की 35 और दसवीं की 17 छात्राओं ने पाई मेरिट

■ खुशी 97 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम,तमन्ना ने द्वितीय व निधि ने तृतीय स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव दिनोद के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की दसवीं व बारहवीं की परीक्षाओं में छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। बारहवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा और 35 छात्राओं ने मेरिट सूची में नाम दर्ज करवाया। वहीं स्कूल की छात्रा खुशी ने 97 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, तमन्ना ने द्वितीय व निधि ने तृतीय स्थान पाया। वहीं दसवीं में 17 छात्राओं ने मेरिट में स्थान बनाया। छात्रा साक्षी ने 89 फीसदी अंक लेकर प्रथम, महिमा व अंकिता ने संयुक्त रूप से द्वितीय व खुशी ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्राचार्या सीमा कुमारी व शिक्षकों ने छात्राओ को उपलब्धि के लिए बधाई दी। सम्मान समारोह प्राचार्या सीमा कुमारी की अध्यक्षता में हुआ, जिसमें परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं व शिक्षकों ने सहभागिता की। मंच संचालन राष्ट्रपति अवार्डी गणित प्रवक्ता ममता पालीवाल ने किया।

### भूगोल में दो छात्राओं ने 100 अंक लिए

प्राचार्या सीमा कुमारी ने बताया कि साक्षी ने 89 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, महिमा व अंकिता ने 88 प्रतिशत लेकर द्वितीय तथा खुशी ने 87 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय प्राप्त किया। प्राचार्या ने लगातार तीन साल से भूगोल विषय में एक या दो छात्राओं द्वारा 100 में से 100 अंक लेने पर प्रवक्ता मुकेश कुमार तथा कम्प्यूटर विषय में दो छात्राओं द्वारा 100 में से 100 अंक हासिल करने पर प्रवक्ता त्रिलोक गाबा को बधाई दी। प्राचार्या ने कहा कि ये उपलब्धि स्कूल की छात्राओं की कड़ी मेहनत एवं शिक्षकों के बेहतर एवं सही मार्गदर्शन को दर्शाता हैं। समारोह में राष्ट्रपति अवार्डी प्रवक्ता ममता पालीवाल, नीरू अरोड़ा, रूचिका, मुकेश कुमारी, सरिता, विजय, सुशील, संजय सैनी, प्रवक्ता मुकेश कुमार व त्रिलोक गाबा को फूल मालाएं पहनाकर एवं भेंटकर सम्मानित किया। स्कूल की उपलब्धि के लिए जल्द वार्षिकोत्सव होगा, जिसमें शिक्षा, खेलों व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल गौड़, सुरेन्द्र कुमार व राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री अवार्डी लक्ष्मण गौड़ ने भी छात्राओं को बधाई दीं।



## बीएम वमावि के विद्यार्थियों ने परीक्षा परिणामों में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

चरखी दादरी। लोहरवाड़ा स्थित बीएम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक परिणामों से सफलता की नई मिसाल कायम की है। विद्यालय परिवार ने मिठाइयां बांटकर विद्यार्थियों की सफलता का जश्न मनाया तथा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कक्षा 12वीं के विज्ञान संकाय में एन्नी भागवी एवं प्रेरक बिरोहड़ ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। टीना समसपुर ने द्वितीय स्थान तथा जतिन कमोद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं कला संकाय में मानसी लोहरवाड़ा ने प्रथम, दिव्या लोहरवाड़ा ने द्वितीया तथा रिया कोहलावास ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा दसवीं में समीक्षा भागवी ने प्रथम, हिमांशी अचीना ने द्वितीया तथा मनीषा रानीला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य संजीत फौगाट ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है।

## द सक्षम स्कूल के 6 छात्रों ने मेरिट सूची में नाम दर्ज करवाया, मोहिनी अव्वल



■ स्कूल ने अपने पहले ही शैक्षणिक सत्र में कक्षा 12वीं में शानदार प्रदर्शन किया

चरखी दादरी। सहूवास रोड स्थित द सक्षम स्कूल ने अपने पहले ही शैक्षणिक सत्र में कक्षा 12वीं और 10वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में शानदार परिणाम देकर यह साबित कर दिया है कि समर्पित प्रयास, अनुशासित वातावरण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बल पर कम समय में भी बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। विद्यालय की कक्षा 12वीं का यह पहला बैच था, जिसमें मात्र 19 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और जिनमें से 6 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। मोहिनी ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वर्षा और रीनू डूडी ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि प्रियंका ने 87.8 प्रतिशत, विशाल ने 86.8 प्रतिशत तथा अंशिका ने 82.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्राचार्या डॉ. निशा श्योराण और निदेशक दिनेश सांगवान ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के विश्वास और शिक्षकों की अथक मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल अच्छे परीक्षा परिणाम देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को आत्मविश्वासी, अनुशासित और सक्षम नागरिक बनाना है।

## एमए भूगोल पाठ्यक्रम शुरू करवाने की मांग

लोहारू। चौ बंसीलाल कॉलेज में भूगोल की एमए की कक्षाएं शुरू करवाने के लिए छात्र संगठनों ने आवाज बुलंद की है। शुक्रवार को अनेक छात्रों ने प्राचार्य डॉ मुकेश चहल को ज्ञापन सौंपकर कॉलेज में एमए भूगोल की कक्षाएं शुरू करवाने की मांग की है। दिए गए ज्ञापन में छात्र नेता अक्षय, अभिषेक, अमन, रजनीश, मोहित, आदि ने बताया कि लोहारू ग्रामीण इलाका है तथा यहां से स्नातक करने के बाद युवाओं को एमए भूगोलमें प्रवेश के लिए जिला मुख्यालय या 100 किलोमीटर से अधिक दूर जाना पड़ता है। ऐसे में लोहारू कॉलेज में भूगोल की एमए की कक्षाएं शुरू होने से भूगोल विषय के सैकड़ों युवाओं को काफी लाभ होगा और उनका समय और धन भी बचेगा।

रानीला में शिक्षा विभाग का रात्रि ठहराव, डीईओ ने सुनीं समस्याएं

## ग्रामीणों ने खेल प्रांगण में बने कमरे की मरम्मत व शौचालय निर्माण की मांग रखी

शिक्षा, खेल और सुविधाओं पर मौके पर हुए फैसले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



जिला प्रशासन की तर्ज पर वीरवर को गांव रानीला में शिक्षा विभाग द्वारा रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र चौधरी ने ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश देकर समाधान करवाया। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा फूल-मालाएं पहनाकर अधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षा समिति प्रधान मास्टर महावीर सिंह ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के खेल प्रांगण में बने कमरे की मरम्मत तथा शौचालय निर्माण की मांग रखी। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने तुरंत संज्ञान लेते हुए विभाग के जेई राजबीर को फोन कर अगले दिन विद्यालय पहुंचकर एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए।

वहीं अभिभावकों एवं विद्यार्थियों द्वारा दोनों राजकीय विद्यालयों में कंप्यूटर शिक्षक उपलब्ध करवाने की मांग रखी गई। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने अस्थायी तौर पर एक शिक्षक की आंतरिक व्यवस्था करने के आदेश जारी कर दिए। ग्राम पंचायत द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शारीरिक शिक्षा विषय के शिक्षक की मांग भी रखी गई, जिस पर विभाग द्वारा एक शिक्षिका की आंतरिक व्यवस्था कर दी गई। इसके अतिरिक्त एसएमसी सदस्यों एवं खिलाड़ियों ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कबड्डी मैट की मांग रखी। इस पर डीईओ ने विद्यालय प्राचार्य को मांग पत्र भेजने के निर्देश दिए तथा मौके पर उपस्थित अतिरिक्त शिक्षा अधिकारी (खेल) प्रदीप सांगवान को कबड्डी मैट उपलब्ध करवाने संबंधी आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। कबड्डी मैदान पर शेड लगवाने की मांग पर एईओ प्रदीप सांगवान ने बताया कि शेड का बजट पहले ही स्वीकृत हो चुका है।

## भिवानी के 28 वर्षीय विशाल का आज होगा अंगदान

फिर बन सकता है हवाई कॉरिडोर, आ सकती है एयर एम्बुलेंस, हादसे में गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय पीजीआईएमएस में एक बार फिर मानवता और अंगदान की प्रेरणादायक मिसाल सामने आई है। भिवानी जिले के 28 वर्षीय युवक को गंभीर सड़क हादसे के बाद ब्रेन डेड घोषित किए जाने पर उसके परिजनों ने गहरे दुख के बीच अंगदान का फैसला लिया। युवक के लीवर, हृदय, किडनी, कॉर्निया समेत कई अंग अब जरूरतमंद मरीजों को नई जिंदगी देंगे।

जानकारी के अनुसार युवक विशाल को 13 मई को हुए सड़क हादसे के बाद गंभीर अवस्था में पीजीआईएमएस के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया था। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण डॉक्टरों के लगातार प्रयासों के बावजूद उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। चिकित्सकीय प्रोटोकॉल के तहत एपनिया टेस्ट सहित सभी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद डॉक्टरों के बोर्ड ने उसे ब्रेन डेड घोषित कर दिया।इसके बाद सोटो हरियाणा की काउंसलिंग टीम ने परिजनों से संपर्क किया। शुरुआत में परिवार इस निर्णय के लिए तैयार नहीं था, लेकिन कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने स्वयं ट्रॉमा सेंटर पहुंचकर परिवार को अंगदान के महत्व, कानूनी प्रक्रिया और धार्मिक मान्यताओं के बारे में विस्तार से समझाया। करीब एक घंटे की बातचीत के बाद परिजनों ने अंगदान की सहमति दे दी। शुक्रवार सुबह से अंगों की रिट्रीवल प्रक्रिया शुरू होगी। जरूरत पड़ने पर ग्रीन कॉरिडोर की व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन और पुलिस से भी समन्वय स्थापित किया गया है। सोटो हरियाणा के नोडल अधिकारी डॉ. सुखबीर सिंह ने बताया कि एक ब्रेन डेड व्यक्ति के अंगदान से करीब आठ लोगों की जान बचाई जा सकती है। युवक विशाल के पिता ने भावुक स्वर में कहा कि उनका बेटा अब वापस नहीं आ सकता, लेकिन यदि उसके अंगों से किसी की जिंदगी बचती है तो यही उसके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### आज होगा रिट्रीवल, बनीं टीमें

निदेशक डॉ एस के सिंघल ने बताया कि सोटो ने नियमानुसार रोटो पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ , नोटो नई दिल्ली को सूचना भेज दी गई है। नियमों के आधार पर अंगों का आवंटन होगा। पीजीआईएमएस में भी किडनी ट्रांसप्लांट की प्रतीक्षा सूची के मरीज हैं। कॉर्निया यहां के क्षेत्रीय नेत्र संस्थान को दी जाएगी। सुबह 6 बजे से रिट्रीवल की प्रक्रिया शुरू होगी। निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने बताया कि जरूरत पड़ने पर ग्रीन कॉरिडोर के लिए जिला प्रशासन व पुलिस से समन्वय स्थापित कर लिया गया है।

### क्या है ब्रेन डेड के बारे में भ्रम

सोटो के नोडल अधिकारी डॉ. सुखबीर सिंह ने बताया कि आमजन में सबसे बड़ा भ्रम ब्रेन डेड को लेकर है। लोग इसे कोमा समझ लेते हैं। जबकि सच्चाई यह है कि ब्रेन डेड मृत्यु की कानूनी और चिकित्सकीय रूप से पुष्टि है। इसमें ब्रेन स्टेम डेथ होती है। वेंटिलेटर पर सिर्फ दिल कुछ घंटे या दिन धड़कता है, क्योंकि उसे मशीन से ऑक्सीजन मिल रही है। मजिससे उस व्यक्ति की मृत्यु को सार्थक बनाया जा सकता है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ कुंदन मित्तल ने बताया कि एक ब्रेन डेड व्यक्ति के अंगदान से करीब 8 लोगों की जान बचाई जा सकती है।

## खबर संक्षेप



### मजदूरों ने किया प्रदर्शन सरपंच को सौंपा ज्ञापन

**भिवानी।** मनरेगा मजदूर संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर राष्ट्रीय हड़ताल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व में ढ़ाणा नरसान में मनरेगा मजदूरों ने हड़ताल करके प्रदर्शन किया तथा पुराना मनरेगा कानून बहाल करने, 200 दिन काम देने, 700 रूपये प्रतिदिन दिहाड़ी करने के लिए गांव के सरपंच अनुज के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भिजवाया है। इस दौरान मनरेगा मजदूरों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### नाफिया ने जन्मदिन पर सफाई की व पौधे लगाए

**तोशाम।** शुक्रवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर चेतना विकास समिति तोशाम के प्रधान संजय नाफरिया ने अपना 51वाँ जन्मदिन माता-पिता, गुरुओ, संत महापुरुषों, बाबा साहब का आशीर्वाद लेने के साथ तहसील परिसर में सफाई करके तथा तहसील परिसर तोशाम में पौधारोपण कर मनाया। इस दौरान प्रधान संजय नाफरिया ने कहा कि हम सभी को अपने जीवन मे पेड़-पौधे लगाते रहना चाहिए ताकी पर्यावरण शुद्ध रहे और अपने आसपास साफ-सफाई रखें। नाफरिया ने अपने जन्मदिन पर सफाई अभियान चलाकर तहसील परिसर में सफाई की तथा पौधे लगाए। जिससे तहसील परिसर में मौजूद विभिन्न लोगों को स्वच्छता के प्रति तथा अधिक से अधिक पौधरोपण करने की प्रेरणा मिली।

### प्रमाण-पत्र के लिए सरल केंद्र में एक ही स्थान पर मिलेगा मार्गदर्शन

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार डीनोटिफाइड, नोमाडिक एवं सेमी-नोमाडिक (डीएनटी) यानि घुमंतू-अर्ध घुमंतू जाति वर्ग के नागरिकों की सुविधा के लिए लघु सचिवालय स्थित सरल केंद्र में सीट नंबर 23 व 24 पर सहायता केंद्र स्थापित किया गया है। जिला कल्याण अधिकारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य विशेषकर डीएनटी वर्ग के लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, सेवाओं व दस्तावेज प्रक्रियाओं संबंधी जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध करवाना है। उन्होंने बताया कि हेल्प डेस्क पर प्रशिक्षित कर्मचारियों की तैनाती की गई है जो नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने के साथ-साथ उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन व सहायता प्रदान करेंगे।

### पुत्र के जन्मदिन पर नेत्र जांच शिविर लगाया

**लोहारू।** राजकीय उपमंडल नागरिक अस्पताल के नेत्र सहायक कुलबीर सिंह के सहयोग से शुक्रवार को यशु मेडिकल द्वारा चौ बंसीलाल कॉलेज परिसर में पुत्र पार्थ जांगिड़ के जन्मदिन के मौके पर नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्टाफ सदस्यों के साथ साथ अनेक विद्यार्थियों की आंखों की जांच की गई तथा निशुल्क दवाइयां वितरित की गई। प्राचार्य डॉ मुकेश कुमार चहल और प्रो. सुखबीर सिंह ने कहा कि आंखों की देखभाल सबसे अधिक जरूरी है तथा वर्तमान में मोबाइल, लैपटॉप, कंप्यूटर और टीवी का प्रयोग अधिक बढ़ गया है। ऐसे में व्यक्ति को नियमित रूप से अपनी आंखों की जांच करवाना जरूरी है।

### जनता को दिया महंगाई का तोहफा : नरेश

**भिवानी।** हाल ही में संपन्न हुए निकाय चुनावों के नतीजे आते ही एक बार फिर आमजन पर महंगाई का तगड़ा चाबुक चला है। सरकार ने पैट्रोल व डीजल की कीमतों में 3-3 रुपये प्रति लीटर और सीएनजी के दामों में 2 रुपये प्रति किलोग्राम की भारी वृद्धि की हैं, जिससे आम जनता में भारी रोष है, ये बात वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व बैंक महाप्रबंधक नरेश तंवर ने कही। उन्होंने मूल्य वृद्धि पर कड़ा ऐतराज जताते हुए इसे जनता की कमर तोड़ने वाला कदम बताया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार का असली चरित्र यही है ।

---

उपायुक्त के निर्देशानुसार पर्यावरण नियंत्रण बोर्ड ने की कार्रवाई

# प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नियमों का उल्लंघन करने वाले दो उद्योगों को किया सील

**आम जन से प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने की अपील की**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

प्रदूषण नियंत्रण को लेकर डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भिवानी द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नियमों का उल्लंघन करने पर जिला में दो औद्योगिक इकाईयों को सील किया है। वहीं दूसरी ओर बोर्ड के अधिकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। बोर्ड के अधिकारियों को आमजन से प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग न करने की अपील की है ताकि पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सके। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेंद्र अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि बोर्ड द्वारा पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण को लेकर निरंतर छापेमारी की जा रही है। विभाग द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, वहीं दूसरी ओर औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसकी कड़ी में बोर्ड ने निरीक्षण के दौरान नियमों की उल्लंघना करने वाली श्री ज्योति इंडस्ट्रीज रेनवेबल एनर्जी तथा बिधवान इंडस्ट्री टायर पायरोलिसिस को सील किया है। उन्होंने बताया कि ये औद्योगिक इकाइयां केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों का पालन नहीं कर रही थीं। इसके अतिरिक्त इकाइयों द्वारा जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम तथा वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम के प्रावधानों की भी अवहेलना की जा रही थी।



भिवानी। प्रदूषण बोर्ड द्वारा सील की गई उद्योग इकाई। फोटो : हरिभूमि

#### मानकों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं होगा

उन्होंने बताया कि पर्यावरण मानकों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि भविष्य में कोई भी औद्योगिक इकाई निर्धारित मानकों एवं बोर्ड के निर्देशों का पालन नहीं करती पाई जाती है, तो उसके विरुद्ध भी क्लोजर एवं सीलिंग सहित कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने उद्योग संचालकों से अपील की है कि वे पर्यावरण संरक्षण से संबंधित सभी नियमों एवं निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित करें ताकि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।

---



भिवानी। रक्तदाताओं को बैज लगाते डीपीसी शिवकुमार तंवर व अन्य।

## रक्तदान रूपी महायज्ञ में बढ़ चढ़कर डालें आहुतिः शिवकुमार

- 51 युवाओं ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

चौधरी बंसीलाल सिविल अस्पताल के रक्तकोष में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में 51 यूनिट रक्त एकत्रित किया। शिविर में बतौर अतिथि पहुंचे जिला परियोजना संयोजक शिवकुमार तंवर, द्रोणाचार्य अवार्डी कैप्टन अशन कुमार सांगवान, सीएमओ भिवानी डॉ. रघुवीर शान्डिल्य, शतकवीर रक्तदाता राजेश डूडेजा, एईओ सत्यवान नांगिल व प्रधान अशोक सिवाच ने रक्तदाताओं को बैच लगाकर हौंसला बढ़ाया। मास्टर पवन कुमार मिताथल ने बताया कि शिविर में 51 यूनिट रक्त इकट्ठा किया।

#### बढ़ाया हौसला

शिविर में डीपीसी शिवकुमार तंवर, द्रोणाचार्य अवार्डी कैप्टन अशन कुमार सांगवान, सीएमओ डॉ. रघुवीर शान्डिल्य, शतकवीर रक्तदाता राजेश डूडेजा, एईओ सत्यवान नांगिल व प्रधान अशोक सिवाच ने रक्तदाताओं को बैंच लगाकर उनका हौंसला बढ़ाया। डीपीसी शिवकुमार तंवर ने युवाओं से रक्तदान रूपी महायज्ञ मे बढ़ चढ़कर भाग लेने व लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रक्त ऐसा पदार्थ हैं, जिसका कोई विकल्प नहीं हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान जैसी मुहिम में सभी को बढ़कर भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर अशोक सिवाच, विरेन्द्र किरोड़ी, कृपाल धनाना, बिजेन्द्र मिताथल, मास्टर राजपाल, सत्यवान कोच, विरेन्द्र श्योराण, मन्जीत आदि मौजूद रहे।

---

## श्रद्धालुओं ने सुनीं पुराण कथा

- श्रीश्याम ने हंसकर महाभारत विजय का श्रेय श्रीकृष्ण भगवान को दिया : शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

दिनोद गेट स्थित बैंकट हॉल में चल रही श्रीश्याम पुराण कथा में श्रद्धालुओं ने कथा सुनीं। कथा वाचन करते हुए विजय शास्त्री ने बताया कि कुरुक्षेत्र के मैदान में पांडवों ने कौरवों पर विजय प्राप्त की, सभी विजय का श्रेय लेने लगे, तब पांडवों को अहंकार हो गया और अपनी ताकत का गुणगान करते हुए घमंड करने लगे, जिस पर भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें हकीकत से रूबरू करवाने एवं उनका अहंकार तोड़ने की सोची।



भिवानी। श्रीश्याम कथा सुनते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

#### युद्ध में मरने वाला और मारने वाला एक ही व्यक्ति

कथावाचक शास्त्री ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने पांडवों को कहा कि मैं तुम्हें बबरीक से मिलवाता हूं, जिससे पूरा युद्ध देखा हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा कि बबरीक बताएंगे कि युद्ध का श्रेय का हकदार कौन हैं। उन्होंने पांडवों ने बबरीक से पूछा कि जीत का श्रेय किसको जाता हैं, आखिर किसकी वजह से कुरूक्षेत्र युद्ध जीता गया, तब बबरीक जोर जोर से हंसने लगे और हंसते हुए कहा कि जीत का श्रेय भगवान श्रीकृष्ण को जाता हैं, जिसपर पांडवों ने एतराज जताया तो बबरीक ने बताया कि मैंने पूरी लड़ाई देखी हैं, युद्ध में मरने वाला और मारने वाला मात्र एक ही व्यक्ति था।

---

## जितना संभव हो सके, ईंधन की बचत करें

- भाजपा नेता जय सिंह वाल्मीकि ने कार्यकर्ताओं को किया जागरूक : ईंधन का कम से कम प्रयोग समय की मांग



- वैश्विक समस्याओं से निपटने के लिए एकजुटता ही है सबसे बड़ा हथियार : जय सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन बचाओ आह्वान को जन-आंदोलन बनाने के संकल्प के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता जय सिंह वाल्मीकि ने कार्यकर्ताओं और आम जनता से विशेष अपील की है।

उन्होंने कहा कि ईंधन की बचत राष्ट्र निर्माण में दिया गया एक बड़ा योगदान है। जय सिंह वाल्मीकि ने कार्यकर्ताओं से ये अपील मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, राज्यसभा सांसद किरण चौधरी तथा महिला एवं बाल विकास विभाग व सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी के विशेष दिशा-निर्देशों के तहत किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार और नेतृत्व इस बात को लेकर गंभीर है कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

जय सिंह वाल्मीकि ने कहा कि आज समय की नजाकत को समझना बेहद जरूरी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता और नागरिक जितना संभव हो सके, ईंधन की बचत करें। ऊर्जा संरक्षण ही वह जरिया है जिससे हम वैश्विक ऊर्जा संकट और पर्यावरणीय चुनौतियों से पूरी ताकत व मजबूती से लड़ सकते हैं।

**एकजुटता बड़ा हथियारः** भाजपा नेता ने कहा कि संसाधनों की कमी जैसी वैश्विक समस्याओं और विपदाओं से निपटने के लिए देशवासियों की एकजुटता ही सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे घर-घर जाकर लोगों को इसके फायदों के बारे में बताएं, जैसे व्यक्तिगत और राष्ट्रीय स्तर पर विदेशी मुद्रा की बचत, प्रदूषण में कमी और आने वाली पीढ़ी के लिए स्वच्छ हवा, देश की ऊर्जा निर्भरता को कम करना आदि है।

#### विकास के लिए प्रतिबद्ध

वाल्मीकि ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विजन का जिक्र करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार सतत विकास के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं राज्यसभा सांसद किरण चौधरी और मंत्री श्रुति चौधरी के नेतृत्व में महिलाओं और युवाओं को इस अभियान से जोड़ा जा रहा है, ताकि समाज का हर वर्ग संसाधनों के सीमित उपयोग और उनके महत्व को समझ सके। जय सिंह वाल्मीकि ने अंत में कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने निजी जीवन में छोटे-छोटे बदलाव लाकर जैसे ट्रैफिक सिग्नल पर इंजन बंद करना, सार्वजनिक वाहनों का उपयोग करना, इस अभियान को सफल बनाएं।

---



## बारिश में भीगे गेहूं में आने लगी बदबू मंडी सुवरवाईजर ने करवाई सफाई

**बाढ़ड़ा।** हाल ही में हुई बारिश के कारण अनाजमंडी बाढ़ड़ा में खुले में पड़ा गेहूं भीग गया, जिससे मंडी परिसर में बदबू फैलने लगी। बदबू व गंदगी से व्यापारियों, किसानों व मजदूरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए। मंडी सुवरवाईजर जयप्रकाश सांगवान ने तुरंत सफाई अभियान चलवाकर मंडी की सफाई करवाई। सफाई अभियान के दौरान भीगे खराब गेहूं और कचरे को उठवाया तथा मंडी परिसर में दवाई का छिड़काव भी करवाया। मंडी सुवरवाईजर सांगवान ने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि मंडी में साफ-सफाई व्यवस्था नियमित रूप से रखी जाए, ताकि किसानों व व्यापारियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि बारिश के कारण अनाज के खराब होने की स्थिति बनी थी, लेकिन अब मंडी में सफाई व्यवस्था दुरुस्त कर दी गई है। साथ ही भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए अनाज के उचित रखरखाव और उठान व्यवस्था पर भी ध्यान दिया जाएगा। मंडी में सफाई होने के बाद व्यापारियों और किसानों ने राहत महसूस की तथा मंडी प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। इस दौरान सफाई कर्मचारियों ने मंडी में सफाई की।

---

## कांग्रेस ने पीड़ित परिवारों को समर्थन दिया

- पीडितों का स्थाई समाधान नहीं होता तब तक विधानसभा में विधायक कपूर वाल्मीकि को बोलने नहीं देंगे : सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

नगर पालिका द्वारा पार्क बनाने के नाम पर तोड़े गए घरों के विरोध में चल रहे धरने को शुक्रवार को बड़ा राजनीतिक समर्थन मिला। कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा, विधायक विकास सहारण, प्रदीप नरवाल, अनिरुद्ध चौधरी, जयबीर वाल्मीकि, उमेश भारद्वाज, मनमोहन भुरटाना, प्रदीप गुलिया, रेणु बाला, मीना चौपड़ा सहित कई नेता धरना स्थल पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों को समर्थन दिया।

सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने चेतावनी दी कि जब तक परिवारों का स्थायी समाधान नहीं होता, कांग्रेस विधायक कपूर वाल्मीकि को विधानसभा में बोलने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल में 4 लाख लोगों को 100-100 गज के प्लॉट और ढाई लाख परिवारों को इंदिरा आवास योजना के तहत मकान दिए थे।

घरों को उजाड़ना इंसानियत को शर्मसार करना है। उन्होंने मांग की कि सरकार पूरे प्रदेश से माफी मांगे और जहां बसावट है, वहां प्रोजेक्ट रद्द करे। विधायक विकास सहारण और अनिरुद्ध चौधरी ने कहा कि 15 दिन से मासूम बच्चे खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि यह देखकर विधायक कपूर वाल्मीकि और उनके परिजनों को नींद कैसे आती होगी।

प्रदीप नरवाल ने आरोप लगाया कि सरकार ने दर्जनों परिवारों को बेघर कर दिया और टेंट लगाने पर भी उन्हें हटाया जा रहा है। नरवाल ने कहा कि कभी सरपंचों तो कभी आमजनता को आगे किया जा रहा है। अगर नीयत साफ होती तो विधायक स्वयं पीड़ितों से मिलकर समाधान निकालते।



बवानीखेड़ा। धरने को संबोधित करते सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा। फोटो : हरिभूमि

---

## भाजपाइयों ने भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महानायक सुखदेव को दी श्रद्धांजलि



**भिवानी।** भारत को आजाद करवाने के लिए अनेक भारतीय देशभक्तों ने अपने प्राणों की आहुति दी, उन अमर बलिदानियों में से एक क्रांतिवीर सुखदेव, जिनका 15 मई को जन्मदिवस है, ऐसे अमर शहीद सुखदेव की जयंती पर उन्हें पूरा देश नमन करता हैं।

भाजपाइयों ने अमर शहीद सुखदेव की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दी एवं स्वतंत्रता संग्राम में उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण किया। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भाजपा नेता रीतिक वधवा ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी एवं अमर क्रांतिकारी शहीद सुखदेव ने मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए अद्वितीय साहस, त्याग और बलिदान दिया, जो भारतीय इतिहास में सदैव अमर रहेगा। उन्होंने कहा कि क्रांतिकारी सुखदेव का जीवन युवाओं में राष्ट्रभक्ति, समर्पण और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष की भावना को जागृत करता है। इस अवसर पर धर्मेंद्र अरोड़ा, सुनील चौहान ने भी क्रांतिकारी सुखदेव श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

### पैनल अधिवक्ताओं व पीएलवी के लिए कार्यशाला का आयोजन

**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) द्वारा पैनल अधिवक्ताओं, मीडिएशन सदस्य और अधिकार मित्र (पीएलवी) के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला जिला एवं सत्र न्यायालय के चेयरमैन डी.आर. चालिया के मार्गदर्शन तथा सीजेएम कम सचिव डीएलएसए पवन कुमार की अध्यक्षता में एडीआर सेंटर के सभागार में आयोजित हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य पैनल अधिवक्ताओं और पीएलवी को विभिन्न कानूनी प्रावधानों, सामाजिक जिम्मेदारियों और जागरूकता कार्यक्रमों से संबंधित विषयों की जानकारी देकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और कानूनी सहायता पहुंचाने में उनकी भूमिका को और मजबूत बनाना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीजेएम कम सचिव पवन कुमार ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य समाज के जरूरतमंद, वंचित और कमजोर वर्गों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराना है।

---

प्रतिनिधियों के सहारे नैया पार, विपक्षियों का पीड़ितों के बहाने सरकार पर वार

## राजनीति की पिच पर शॉट की पारी मदद के बहाने खेलने की तैयारी

**मकान तोड़ने के मामले में नित नए मोड़ आ रहे हितों की बजाए ज्यादा राजनीतिक रंग में दिखने लगा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

बवानीखेड़ा में चार-पांच लोगों के मकान तोड़ने के मामले में नित नए मोड़ आने लगे है। अब मामला पीड़ितों के हितों की बजाए ज्यादा राजनैतिक रंग में दिखने लगा है। विपक्षी पार्टी के नेता पीड़ितों को आशियाना दिलाने के बहाने राजनीति की पिच पर शॉट लगाने की जुगत में है। जिसके चलते विपक्षी राज्य सभा सांसद व हिसार-भिवानी के सांसद को बुलाकर मामले को पूरी तरह से हवा देने की फिराक में है।

यहां तक बीते विधानसभा चुनाव से चुनावी उम्मीदवार लगातार पब्लिक से सम्पर्क साधे हुए है और जरूरत पड़ने पर उनको पीड़ितों के आंशू पोछने के लिए बुलाया जा सके। अगर उनकी चली तो वे आज इस मामले को हवा देकर पूरी तरह से सुलगा देंगे। वहीं सतापक्ष किसी न किसी बहाने से शॉट लगाने से रोकने की फिराक में है। इसी कड़ी में सता पक्ष के नेताओं ने हलके के सरपंच व उनके प्रतिनिधियों को बुलाकर सुलग रहे मामले पर आश्वासन का पानी डालकर बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। खैर वह बात दिगर है कि पक्ष व विपक्ष अपने अपने मनसूबों में कितना कामयाब होता है,लेकिन फिलहाल दोनों तरफ से पीड़ितों को मदद दिलाने के बहाने राजनीति वजन बढाने की पूर जोर कोशिश जारी है। अब देखना ये है कि इस राजनीति अखाड़े में कौन कितना वजन बढाता है या खोने पर मजबूर होता है।



भिवानी। बाबा जरनानाथ के डेरे में आयोजित सरपंचों व जनप्रतिनिधयों की पंचायत में उपस्थित लोग। फोटो : हरिभूमि

#### त्वरित उपचार के लिए दवा नहीं

भले ही विपक्ष जिस गति से मकान तोड़े गए उस गति से आशियाना दिलाने की मांग पर अड़ा हो,लेकिन वह भी जानता व समझता है कि इतनी जल्दी स्थाई आशियाने के लिए जगह उपलब्ध करवाना आसान नहीं है। चूंकि स्थाई आशियाने के लिए नपा की लंबी चौड़ी कागजी कार्रवाई, फिर प्रशासनिक अफसरों की सहमति के बाद सीएम सैनी के रहम से ये चीजे संभव हो सकती है। इतनी प्रक्रिया पूरी करने में एक दिन का बल्कि नहीं महीनों का खेल है।फिलहाल फौरी तौर पर पीड़ितों को सिर छिपाने के लिए केवल अस्थाई व्यवस्था कर सकती है। इनके अलावा नपा की तरफ से सहायता के आश्वासन दिलाया जा सकता है। उस पर विपक्षी(पीड़ितों के मददगार) सहमत नहीं हो रहे । जिस वजह से बवानीखेड़ा में मामला आज भी पहले दिन की तरह ही सुलग रहा है।

#### बचाव पक्ष में उतरे सरपंच व प्रतिनिधि

सतापक्ष व नपा के बचाव में बवानीखेड़ा हलके के अनेक गांवों के सरपंच व उनके प्रतिनिधि उतर आए। बवानीखेड़ा के बाबा जरनानाथ डेरे में हलके सरपंचों ने पंचायत का आयोजन कर मामले के पटाक्षेप पर मंथन किया। सभी लोगों ने पीड़ितों की मदद करने तथा बाहरी लोगों से इस मामले से दूर रहने की नसीहत दी। वक्ताओं का तर्क था कि पीड़ित मामले को सुलटाने के लिए तैयार है,लेकिन बाहरी लोग उनको बार बार उकसा रहे है। जिस वजह से मामला शांत होते होते फिर से सुलगने लगता है। आयोजित पंचायत में यह बात दोहराई गई कि पीड़ितों को फायर बिग्रेड के भवन में शिफ्ट करवाया जाए। ताकि उक्त जगह पर प्रस्तावित पार्क व स्टेडियम का निर्माण कार्य शुरू हो सके। वे वहां पर जब तक रहे,तब तक उनकी कोई रिहायश की व्यवस्था नहीं हो जाती। इस दौरान बिजली व पानी की भी कोई समस्या नहीं रहेगी।

---

### समाधान शिविर की शिकायतों का शीघ्र निपटारा करें : डीसी

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में समाधान शिविर की शिकायतों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। डीसी ने विभिन्न विभागों की लंबित एवं रिओपन शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि सभी विभाग पुरानी शिकायतों की एटीआर (एक्शन टेकन रिपोर्ट) को अपडेट करें तथा नई एटीआर अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि विभागों में रिओपन शिकायतों की संख्या कम से कम हो तथा रिओपन शिकायतों का जल्द निपटारा किया जाए। जिन शिकायतों का समाधान जिला स्तर पर संभव नहीं है और मुख्यालय स्तर से संबंधित हैं, उन्हें समय पर मुख्यालय भेजा जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि शिकायतें दोबारा रिओपन न हों। उन्होंने कहा कि रिओपन एवं पुरानी शिकायतों को सीएफएसएस नंबर सहित नई एटीआर के साथ अपलोड किया जाए।

## खबर संक्षेप

### लोहड़ चौपटा में स्वास्थ्य जांच शिविर कल

**भिवानी।** लोहड़ चौपटा में बिन्द्राबन रामबिलास सुईवाला के सौजन्य से स्वर्गीय दर्शना देवी गोयल की प्रथम पुण्यतिथि पर 17 मई को प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। कैम्प में छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. नितेश गोयल टीम के साथ सेवाएं देंगे। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद व्यक्ति कैंप में भाग लेकर सेवाओं का लाभ उठाएं।

### आयुष चिकित्सा शिविर व हवन 17 को

**भिवानी।** हरियाणा योग आयोग के पूर्व रजिस्ट्रार स्वर्गीय डॉ. हरीशचंद्र की प्रथम पुण्यतिथि पर आयुष चिकित्सा शिविर, योग कार्यक्रम, हवन यज्ञ एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम 17 मई रविवार को पंजाबी कम्युनिटी सेंटर रामनगर कालोनी में होगा। डॉ. हरीशचंद्र चैरिटेबल सेवा ट्रस्ट के प्रधान राजेश सांखला ने बताया कि कार्यक्रम में हरियाणा योग आयोग के चेयरमेन डॉ. जयदीप आर्य विशेष रूप से शिरकत करेंगे।

### 16 को मनेगी ब्रह्मलीन कृष्णदास की पुण्यतिथि

**भिवानी।** छोटी काशी भिवानी में 16 मई को ब्रह्मलीन कृष्णदास की 33वीं पुण्यतिथि पर आध्यात्मिक समागम होगा। महामंडलेश्वर साध्वी करुणागिरी महाराज ने बताया कि शनिवार को सोमवारी माता मंदिर के नजदीक स्थित श्योलालपुरी शिव मंदिर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में दिनभर धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला चलेगी। उन्होंने बताया कि दिन की शुरुआत प्रातः 7 बजे पवित्र अग्निहोत्र और मंत्रोच्चारण के साथ होगी।

### 14 दिन की हड़ताल के बाद सफाईकर्मियों ने उठाई झाड़ू

# 14 दिन लोगों को गंदगी ने रूलाया 24 घंटे में 1200 टन कूड़ा उठाया

हड़ताल की वजह से कूड़े के लग गए थे ढेर, सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने की कवायद शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी





**भिवानी।** दिनोद गेट चौक टिबड़ेवाला सभागार के आगे पड़ा गंदगी का ढेर व हड़ताल खत्म होने पर गदंगी उठाने के बाद का नजारा व कृष्णा कॉलोनी चौक पर शौचालय के पास लगा गंदगी का ढेर व हड़ताल खत्म होने पर गदंगी उठाने के बाद का नजारा। फोटो : हरिभूमि

नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले एक मई से शुरू हुई सफाई कर्मचारियों की हड़ताल 14वें दिन गुरुवार को खत्म हुई। हड़ताल के दौरान 14 दिन तक शहरवासियों को कई परेशानी हुई। शहर में हर गली, चौक चौराहों व नुक्कड़ पर गंदगी के पहाड़ से ढेर लगे थे, जिससे शहरवासियों का जीना मुहाल कर दिया था। सरकार से समझौता होने एवं मांगे माने जाने के बाद 14वें दिन हड़ताल खत्म होते ही ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, जेसीबी मशीनों व लोडर ने कचरा प्वाइंटों व जगह जगह पड़े गंदगी के पहाड़ से ढ़ेरों को उठाने का कार्य शुरू किया, जिसके बाद शहरवासियों ने राहत की सांस ली। हड़ताल खत्म होने के पहले ही दिन सफाई कर्मियों ने हाथों में झाड़ू थामकर सरकुलर रोड व वार्डों की गलियों को चकाचक बनाने का कार्य किया। वहीं ट्रैक्टर-ट्रॉलियों ने 24 घंटें में लगभग 1200 टन कूड़ा उठाया, जिससे अब शहर में रौनक लौट आई हैं।

उल्लेखनीय हैं कि नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले सफाई कर्मचारियों की झाड़ू छोड़ हड़ताल एक व दो मई के लिए शुरू हुई थी, लेकिन प्रशासन की बेरूखी के चलते कर्मियों ने हड़ताल को पहले पांच मई, सात मई, 11 मई और अंत में 14 मई तक हड़ताल रखी, जो 14वें दिन गुरूवार को खत्म हुई। शहर में हर गली, चौक-चौराहों व नुक्कड़ पर गंदगी के पहाड़ से ढेरों ने शहरवासियों का जीना मुहाल कर दिया था। शहरवासियों को महामारी फैलने का भय सता रहा था, वहीं बूंदाबांदी ने गंदगी को इतना बदबूदार बना दिया कि वहां से निकलना तक दूभर हो गया था। 14 मई गुरूवार हड़ताल खत्म होने के साथ ही शाम चार बजे श्रीश्याम वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने 12 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, जेसीबी मशीन व लोडर से शहर में लगे कूड़े के ढेरों का उठान कार्य शुरू कर दिया हैं। ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, जेसीबी मशीन व लोडर से 24 घंटों में शहर में चौधरी बंसीलाल पार्क, श्रीमति फूला देवी स्कूल, हनुमान ढाणी चौक, हनुमान गेट, दादरी गेट न्यू हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर, बावड़ी गेट, रोहतक चौक, महम चौक, हांसी चौक, घंटाघर चौक, कृष्णा कॉलोनी मोड, दिनोद गेट टिबड़ेवाला सभागार, कृष्णा कॉलोनी आदि स्थानों पर लगभग 1500 टन कूड़े के पहाड़ से ढेरों में से 80 फीसदी लगभग 1200 टन कूड़े का उठान कर दिया और अब कूड़े वाला स्थान ऐसा प्रतीत होता हैं मानो कभी यहां गंदगी थी ही नहीं। शहर के सभी जगहों से गंदगी का उठान होने से शहर अब साफ-सुथरा नजर आने लगा है।

#### हड़ताल हमारी मजबूरी थी

नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य सचिव पुरूषोत्तम दानव ने बताया कि सरकार ने हमारी मांगें मानकर कर्मचारी वर्ग का सम्मान बढ़ाया हैं तो हम भी अपने कर्म से पीछे नहीं हटेंगे। हड़ताल के दौरान शहरवासियों ने सहयोग किया और मजबूरीवश उन्हें गंदगी में रहना पड़ा। इसके लिए हम आहत हैं, लेकिन हड़ताल मजबूरी थी। अब शहर को बिल्कुल साफ सुथरा बना दिया जाएगा, मानो यहां कभी गंदगी थी ही नहीं। सभी सफाई दरोगाओं के नेतृत्व में 14 दिन बाद सफाई कर्मियों ने शहर की साफ सफाई की और शहर को सुंदर बनाने का बीड़ा उठाया हैं।

#### एक दिन में बदला नजारा

सफाई कर्मियों की हड़ताल के चलते शहर में हर जगह कूड़े के बड़े बड़े ढेर लगे हुए थे, जिन्हें देखकर सभी को खिन्न आ रही थी और बदबू का सामना करना पड़ रहा था। कर्मचारियों की हड़ताल खत्म होते ही श्रीश्याम वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने कूड़े को ढेरों का सफाया कर दिया हैं। कूड़े के ढ़ेरों की जगह पर अब बिल्कुल साफ सुथरा नजारा देखने का मिल रहा हैं, जैसे यहां कभी गंदगी डाली ही न गई हो। जिन लोगों ने शहर की स्थिति देखी, उसे देखकर आश्चर्य हो रहा हैं कि एक ही दिन में जमीन और आसमान का फर्क हो गया।

#### 80 प्रतिशत कूड़े का उठान

सफाईकर्मियों की हड़ताल के चलते पांच मई से शहर के कचरा प्वाइंटों व डोर-टू-डोर कूड़े का उठान पूर्णरूप से बंद हो गया था। हड़ताल के चलते 10 दिन में लगभग 1500 टन कूड़ा शहर में जमा था। कर्मचारियों की हड़ताल खत्म होते ही शहर से कूड़े का उठान शुरू करवा दिया गया था और अब तक 80 प्रतिशत कूड़े का उठान हो भी चुका हैं और 16 मई शनिवार को स्थिति सामान्य हो जाएगी। वहीं शहर में सफाईकर्मियों ने साफ-सफाई का कार्य भी अलसुबह से ही संभाल लिया था, जिसके बाद शहर चकाचक हो गया है। **- भवानी प्रताप सिंह,** चेयरपर्सन प्रतिनिधि, नगर परिषद भिवानी।

### एआईयूटीयूसी ने तोशाम पंचायत के हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारियों को दिया समर्थन



**तोशाम।** एआईयूटीयूसी के राज्य प्रधान ने तोशाम पंचायत के हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारियों की वेतन संबंधी जायज मांगों को मानने की सरकार से अपील करते हुए अपने संगठन की तरफ से हड़ताल पर बैठे मजदूरों के धरने पर पहुंचकर समर्थन दिया। उन्होंने कहा की हरियाणा प्रदेश में ग्राम पंचायतों के अंतर्गत सेवारत सफाई कर्मचारियों को अभी हाल हरियाणा सरकार द्वारा घोषित वेतन दिया जाए। यह मांग केंद्रीय श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी के राज्य अध्यक्ष कॉमरेड राजेंद्र सिंह एडवोकेट ने की है। गौरतलब है कि आसमान छूती महंगाई में तमाम आवश्यक चीजों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं परंतु एक सफाई कर्मचारी को केवल 7600 रुपए प्रति माह मिलता है, जो जीवन जीने के लिए नाकाफी है। एआईयूटीयूसी ने मांग की है कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की जायज मांग पूरी नहीं की तो पूरे प्रदेश में जोरदार आंदोलन गठित किया जाएगा।

### ग्रामीण सफाई कर्मियों की दो दिवसीय हड़ताल शुरू



**बाढ़ड़ा।** ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की दो दिवसीय राज्यव्यापी हड़ताल शुक्रवार से शुरू हो गई और खंड के सफाईकर्मियों ने बीडीपीओ कार्यालय के सामने धरना देकरजमकर नारेबाजी की। कस्बे के खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय के समक्ष धरने की अध्यक्षता खंड प्रधान संजय कुमार ने की। सफाई कर्मचारियों ने कहा कि सरकार उनकी मांगों की अनदेखी कर रही है, जिस कारण उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है। सीटू जिला सहसंयोजक सुमेर सिंह और ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन जिला सचिव सुरेश कुमार जेवली ने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारी गांवों में सफाई व्यवस्था संभालते हैं, लेकिन उन्हें न पक्का रोजगार दिया जा रहा और न उचित वेतन व सुविधाएं मिल रही हैं। मौके पर मजदूर नेता रोशन लाल, किसान सभा के ब्लॉक प्रधान नसीब मोद, कामरेड रामपाल धारणी, रमेश कुमार, ओमप्रकाश, मंदीप कुमार, विनोद कुमार, रमेश कुमार, जय भगवान, सुरेंद्र, राजकुमार, मनफुल, रानी सुनीता आदि मौजूद रहे।

### दो दिन की हड़ताल पर गए ग्रामीण सफाई कर्मी



**भिवानी।** ग्रामीण सफाई कर्मियों ने पक्का करने व 26000 रुपये न्यूनतम वेतन लागू करने की मांग को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष दो दिवसीय हड़ताल शुरू की। सफाई कर्मियों ने हाईकोर्ट के फैसले मुताबिक ग्रामीण सफाई कर्मियों को पक्का करने व 26000 रुपये न्यूनतम वेतन लागू करने, 400 की आबादी पर स्थायी भर्ती करने, एक्सग्रेसिया नीति लागू कर मृतक के परिवार को नौकरी देने, काम पर मृत्यु उपरांत 50 लाख रुपये मुआवजा आदि देने की मांग उठाई। धरना की अध्यक्षता सुमित ने की तथा संचालन यूनियन नेता संजय लोहारू ने किया। वक्ताओं ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार बात अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति के उत्थान की करती है और सेवा बड़े बड़े पूंजीपति घरानों की कर रही है। विरोध प्रदर्शन को महासचिव विनोद कुमार, सीटू जिला सचिव कामरेड अनिल कुमार, सीटू नेता सुखदेव पालुवास, किसान नेता कामरेड ओमप्रकाश, यूनियन नेता संजय अमीरवास, शनि कुमार, मोहनलाल, राजेंद्र, दुष्यंत कुमार आदि ने संबोधित किया।

## पोल टूटने से बिजली आपूर्ति बाधित



**बहल।** वीरवार को तेज अंधड़ से बहल क्षेत्र में गिरे बिजली के पोल और ट्रांसफारमर को देखते बिजली निगम के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

वीरवार शाम को आए तेज अंधड़ और बारिश से बहल क्षेत्र में अनेक जगह पर बिजली के पोल व ट्रांसफारमर गिर कर टूट गए। अंधड़ से विभिन्न जगहों पर करीब 50 पोल टूट गए। एच पोल पर लगा एक ट्रांसफारमर भी जमीन पर जा गिरा। निगम अधिकारियों के अनुसार, अंधड़ से निगम को करीब छह लाख रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। जगह जगह पर पोल गिरने से कस्बे की बिजली व्यवस्था चरमरा गई और पूरा शहर अंधेरे में डूब गया। हालांकि, अंधड़ से तापमान गिरने से गर्मी से राहत मिली पर बारिश के बाद उमस बढ गई जिससे लोग रात भर परेशान रहे। देर रात जाकर कुछ जगहों पर बिजली व्यवस्था सुचारू हुई तब जाकर लोगों को राहत मिली। वहीं, बारिश आने से जगह जगह पर जलभराव हो गया जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हुई। निगम के एसडीओ ऋषभ कुमार ने बताया कि तेज अंधड़ से करीब 50 पोल व एक ट्रांसफारमर गिरकर टूट गए जिससे निगम को करीब छह लाख रुपये का नुकसान होने का अनुमान है।

## जानलेवा हमले के आरोपी को तुरंत जमानत मिलने पर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** कार्रवाई की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए।

हरियाणा स्टेट वेटरिनरी एसोसिएशन ने हिसार स्थित हरियाणा वेटरिनरी वैक्सीन संस्थान में सरकारी पशु चिकित्सकों पर हुए जानलेवा हमले के आरोपी को गिरफ्तारी के तुरंत बाद जमानत मिलने पर रोष जताया तथा इसे प्रशासनिक एवं कानूनी लापरवाही बताया है। इसके विरोध में हरियाणा पशु चिकित्सक संघ के आह्वान पर शुक्रवार को प्रदेश भर के पशु चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया। हरियाणा पशु चिकित्सक संघ के जिला इकाई अध्यक्ष डा. सुरेश सांगवान के नेतृत्व में नजदीकी पशु चिकित्सालयों से पशु चिकित्सक स्थानीय वेटनरी पॉलीक्लीनिक में एकत्रित हुए तथा काली पट्टी बांधकर रोष व्यक्त किया।

अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा कमजोर धाराएं लगाई गईं, जिससे आरोपी को तत्काल राहत मिल गई। साथ ही यह भी बताया कि मौके के उच्चाधिकारी ने आरोपी को सस्पैंड कर दिया था तथा सस्पेंशन के दौरान मेवात हेडक्वार्टर की सिफारिश की थी। आरोप है की इसे नजरअंदाज किया गया तथा आरोपी को भिवानी नियुक्ति दी गई है। इस मौके पर उपमंडलाधिकारी डा. राजेश जाखड़, डा. राजकुमार, डा. विजय सनसनवाल, डा. सुभाष, डा. सोनू, डा. सोनू वर्मा, डा. अश्विनी, डा. अमर सरोहा आदि मौजूद रहे।

### कुरीतियों के विरुद्ध जागरूक किया

**तोशाम।** एसडीएम संदीप कुमार के सानिध्य में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गांव ढाणी माहू के प्ले स्कूल में महिलाओं और युवाओं को सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य समाज में फैली दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों के दुष्प्रभावों से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग की सीडीपीओ ऊषा रानी और सुपरवाइजर सुशीलबाला के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इसकी अध्यक्षता सरपंच रणबीर सिंह ने की। ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस अवसर पर प्रवीण, कविता, पिंकी, अनीता सहित आंगनबाड़ी वर्कर और हेल्पर मौजूद रहीं।

## 'सारथी निरीक्षण से प्रेरणा की ओर' के तहत करेंगे विद्यार्थियों से संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

'सारथी निरीक्षण से प्रेरणा की ओर' पहल के तहत अधिकारी स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। अधिकारी विशेषकर 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के बीच जाएंगे। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के साथ जीवन में आने वाली कठिनाइयों के बारे में विस्तार से बताएंगे ताकि विद्यार्थियों को लक्ष्य हासिल करने में परेशानी न हो। अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की अपील भी जाएगी। विद्यार्थियों को समझाया जाएगा कि कोई भी नशा जीवन को बर्बाद कर देता है। डीसी श्री गुप्ता लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में 'सारथी निरीक्षण से प्रेरणा की ओर' पहल को लेकर अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। कार्यक्रम की गतिविधियां सीएमजीजीए रिषव रंजन की देख-रेख में की जाएंगी। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक माह किसी एक दिन स्कूलों का भ्रमण करें तथा बच्चों से संवाद स्थापित कर उनकी करियर काउंसलिंग करें। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान करना है, ताकि वे 12वीं के बाद उपलब्ध अवसरों, डिप्लोमा कोर्स, प्रतियोगी परीक्षाओं, स्कॉलरशिप योजनाओं एवं अन्य विकल्पों की जानकारी प्राप्त कर अपने भविष्य की बेहतर योजना बना सकें।

#### समस्याएं सुनने में दें 70% समय

डीसी ने कहा कि संवाद करते समय 70 प्रतिशत समय विद्यार्थियों की समस्याएं सुनने में लगाएं ताकि विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उनकी रुचि एवं क्षमता को समझने तथा उनके रुझान के अनुसार करियर विकल्प सुझाने पर रहेगा। वहीं शेष समय में विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, स्वच्छता, नेतृत्व क्षमता, गहन चिंतन, मार्गदर्शक, राष्ट्रीय एकता एवं सशस्त्र बलों सहित विभिन्न क्षेत्रों के बारे में जागरूक किया जाएगा।

## देश व समाज की सुख-शांति व आध्यात्मिक ऊर्जा के लिए तपस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



**तोशाम।** धूनों के बीच बैठ कर तपस्या करते हुए। फोटो : हरिभूमि

महंत छोटू नाथ के शिष्य एवं गुरु गोरक्षनाथ मठ व विकलांग गोशाला ट्रस्ट के संचालक महंत ज्ञाननाथ मंदिर रामनगर (मोहिला) में पंच धुणी तपस्या देश व समाज की सुख शांति, समृद्धि, मानसिक एकाग्रता, आत्मशुद्धि और आद्यात्मिक उर्जा प्राप्त करने के लिए 1 मई से 31 मई तक पांच धुनों के बीच बैठकर तपस्या कर रहे हैं।

महंत छोटू नाथ ने बताया कि भारतीय सनातन संस्कृति में तपस्या और साधना का विशेष महत्व माना जाता है। तेज धूप और उंचे तापमान के बावजूद अग्नि के बीच बैठकर कठोर तपस्या कर रहे महाराज ज्ञान नाथ पिछले करीब दस वर्षों से ऐसा कर रहे हैं। जिसे देखने के लिए दूर-दूर तक के श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। यह साधना भारतीय सनातन परंपरा की प्राचीन तपस्या विधियों में से एक मानी जाती है। जिसमें साधु चारों और अग्नि जलाकर ध्यान और तप करता है। भीषण गर्मी के बीच जहां आमजन गर्म हवाओं से बचने के उपाय ढूंढ रहे हैं वहीं रामनगर मोहिला नगरी में ज्ञान नाथ महाराज अपनी कठोर तपस्या से सभी को आश्चर्यचकित कर रहा है। महंत ज्ञान नाथ महाराज ने बताया गांव व आसपास गांवों में खुशहाली बनी रहे तथा श्रद्धालु हर प्रकार की परेशानियों से दूर रहें, इसी उद्देश्य को लेकर यह तपस्या शुरू की है। समाज कई मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक चुनोतियों का सामना कर रहा है। सनातन परंपरा से तप, साधना से लोकमंगल की भावना को मजबूत करना आवश्यक है।

## जॉब के नाम पर 1,41,000 रुपये की ऑनलाइन ठगी का आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- दो आरोपियों को पहले ही किया जा चुका है काबू

थाना साइबर क्राइम पुलिस भिवानी ने पार्ट टाइम जॉब दिलाने के नाम पर ऑनलाइन धोखाधड़ी करने के मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कुलदीप निवासी फरटिया केहर ने थाना साईबर क्राइम भिवानी में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया गया कि एक दिसम्बर को उनके व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा गया, जिसके माध्यम से उन्हें एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया। इसके बाद आरोपियों ने टास्क दिलाने के नाम पर अलग-अलग ट्रांजैक्शन के जरिए कुल 1,41,000 रुपए की ठगी कर ली। शिकायत पर थाना साईबर क्राइम भिवानी में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान प्रभावी कार्रवाई करते हुए थाना साईबर क्राइम भिवानी के मुख्य सिपाही अमरजीत ने तीसरे आरोपी को न्यायालय से प्रोटेक्शन वारंट हासिल कर गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सावन पुत्र शमशेर निवासी कुतुबपुर, जिला सारहणपुर (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। पुलिस टीम के द्वारा अभियोग में आरोपी मयंक व विशाल को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### समाज से बुराइयों को मिटाने के लिए फौगाट खाप ने बाबा स्वामी दयाल मंदिर परिसर में पंचायत कर लिए अहम फैसले

## मृत्यु भोज पर पाबंदी, 10 बजे के बाद डीजे नहीं

- नशा बेचने व करने वाले पर भी कसा जाएगा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी




**चरखी दादरी।** मंदिर में आयोजित पंचायत में उपस्थित खाप के प्रतिनिधि व फैसले लेने के बाद एसपी से मुलाकात करते खाप के पदाधिकारी।

समाज में फैली बुराइयों को मिटाने के लिए खाप पंचायतों ने भी कमर कस ली है। इसी क्रम में फौगाट खाप की पंचायत बाबा स्वामी दयाल मंदिर परिसर में खाप प्रधान की अध्यक्षता सुरेश में हुई। पंचायत में सामाजिक कुरीतियो को दूर करने के लिए सर्वसम्मति से अहम फैसले लिए गए। पंचायत में मृत्यु भोज पर पूरी तरह से बंदिश लगाने के फैसला लिया गया। इसके बाद पंचायत में देर रात तक बजने वाले डीजे तथा नशा करने तथा नशा तस्करों पर शिकंजा कसने के फैसले पर मुहर लगाई। उक्त तीनों फैसले फोगाट खाप की आयोजित महापंचायत में सहमति के बाद हुए। पंचायत के बाद खाप सदस्यों ने कानून व्यवस्था को दुरुस्थ करने के लिए पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की गई और खाप पंचायत द्वारा लिए गए फैसलों की जानकारी दी।

मंदिर में आयोजित महापंचायत में खाप प्रधान सुरेश की अध्यक्षता में आयोजित पंचायत में एक वक्ता ने मृत्यु भोज पर प्रतिबंध का प्रस्ताव रखा। जिस पर वक्ताओं ने तर्क वितर्क करके अपनी सहमति की मोहर लगा दी। उसके बाद पंचायत में एक अन्य वक्ता ने देर रात तक विवाह शादी व अन्य कार्यक्रमों में ऊंची आवाज में डीजे बजाया जाता है। जिससे आमजन को खासी परेशानी होती है। मांगलिक कार्य तो एक ही घर में होता है,लेकिन देर रात आसपास के दर्जनों घरों के लोगों की नींद व चैन हराम हो जाता है। पढने वाले बच्चे भी नहीं पढ पाते। जिस पर सभी लोगों ने सर्व सम्मति से समर्थन किया।

### एसपी से की मुलाकात

समाज में बढ़ते नशे, साइबर अपराधों तथा ध्वनि प्रदूषण जैसी गंभीर समस्याओं को लेकर फौगाट खाप प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार से मुलाकात की। खाप प्रतिनिधियों ने क्षेत्र में सामाजिक जागरूकता अभियान चलाने तथा पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
आर्यन कोचिंग
स्याई एकेडमी (विश्वास का दूसरा नाम)
12वीं के बाद सरकारी नौकरी
नया बैच आरम्भ
अग्निवीर SSC रेलवे
हरियाणा पुलिस हरियाणा ग्रुप-डी CET
AIRFORCE NAVY ARMY
पता : बस स्टैंड के पास, चरखी दादरी
9050035973, 9812611926